ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ
ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು–560003.

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD**
**Malleshwaram, Bengaluru-560003.**

**2025-26ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ–1**

**S.S.L.C MODEL QUESTION PAPER -1 : 2025-26**

ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ ಹಿಂದಿ

SUBJECT: **Third Language Hindi**

| | |
|---|---|
| ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ: 61H | Subject Code: 61H |
| ಸಮಯ: 3 ಗಂಟೆ ] | [Time : 3 Hours |
| ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] | [ Max. Marks : 80 |

---

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :**

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[ Turn over

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **8x1=8**

1. 'घटना' शब्द का विलोम रूप है -

   (A) बढ़ना (B) उन्नति

   (C) प्रगति (D) विस्तार

2. निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द है-

   (A) महिला (B) स्त्री

   (C) पुरुष (D) नारी

3. 'पट्टी' शब्द का अन्य वचन रूप है –

   (A) पट्टीयों (B) पट्टी

   (C) पट्टियों (D) पट्टियाँ

4. ' बैठना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है-

   (A) बैठ (B) बैठक

   (C) बिठाना (D) बैठो

5. 'अत्यंत' शब्द इस संधि के लिए उदाहरण है –

   (A) यणसंधि (B) गुणसंधि

   (C) अयादिसंधि (D) वृध्दि संधि

6. निम्नलिखित में द्वंद्व समास के लिए उदाहरण है –

   (A) जलप्रपात (B) राजवंश

   (C) राजमहल (D) माता-पिता

7. थोड़ी देर बाद सुबह हो जाएगी | वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है -

   (A) अल्प विराम (B) प्रश्नवाचक

   (C) पूर्णविराम (D) विस्मयादिबोधक

8. आप साधारण रोबोट ______काम चला सकते हैं |

रिक्त स्थान के लिए सही कारक है –

(A) को (B) से

(C) की (D) के

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4x1=4**

9. कश्मीरी सेब बेचनेवाला : बेईमान : : रेवडियाँ बेचनेवाला : ..............................

10. स्थानीय ठेकेदार : जलालुद्दीन : : उग्र राष्ट्रवादी : .......................................

11. हाथी : जंगली जानवार : : भैंस :...................................

12. तुलसीदास : रामभक्ति शाखा : : सूरदास: ...................................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक- एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4x1=4**

13. कर्नाटक की राजधानी कौन-सी है ?

14. सिंगफो आदिवासी कहाँ रहते थे ?

15. हंस का गुण कैसा होता है ?

16. आधुनिक मानव का यान कहाँ जा रहा है ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 8x2=16**

17. दूकानदार ने लेखक से क्या कहा ?

18. जैनुलाबदीन ने नमाज़ के बारे में क्या कहा ?

19. लेखक परसाई जी ने मंत्री जी को क्या समझाया ?

20. बालशक्ति की टोली गाँव का उद्धार कैसे करती है ?

21. बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है ?

22. कविता में मानव के सही परिचय को कैसे दर्शाया गया है ?

23. सौरमंडल में शनि ग्रह का स्थान क्या है ?

अथवा

शनि का निर्माण किस प्रकार हुआ है ?

24. शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है ?

अथवा

मीना मैडम ने अंत में बच्चों को क्या संदेश दिया ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** **9x3=27**

25. गिल्लू और लेखिका के बीच के स्नेह भाव का वर्णन कीजिए |

26. कर्नाटक की शिल्पकला अनोखी है ? स्पष्ट कीजिए |

27. सोशल नेटवर्किंग साइटों के कारण समाज पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ? समझाइए |

28. धीरज सक्सेना ने घर में रोबोट रखने का निर्णय क्यों लिया ?

29. महिला की साहस गाथा पाठ से हमें क्या सीख मिलती है ? स्पष्ट कीजिए |

30. कवि मातृभूमि कविता में प्राकृतिक समृद्धि का वर्णन कैसे करते हैं ?

31. समय अनमोल है | कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए |

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान |
तुलसी दया न छाँड़िए,जब लग घट में प्राण ||

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रजी में कीजिए :

सत्य की महिमा अपार है | सत्य अत्यंत शक्तिशाली है| अतः हमें सत्य बोलने का अभ्यास करना चाहिए |

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : 2x4=8**

34. 'बसंत की ईमानदारी और स्वाभिमान गुणों का परिचय दीजिए |

**अथवा**

पं. राजकिशोर परोपकार गुण के व्यक्ति थे | स्पष्ट कीजिए |

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए |

असफलता.......................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

...........................................................................भागो तुम |

**VII. गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1x4=4**

36. प्रायः अधिकांश लोग दूसरों के जीवन का अनुसरण करते हैं | इसी में उनको सुख मिलता है | अपनी ताकतों को न पहचानकर दूसरों के पीछे निरुद्देश्य चलना केवल अंधानुसरण है | सड़क के किनारे पड़े सूखे पत्ते कमज़ोर और निर्जीव होने पर भी स्वयं को सबके समान गतिशील समझते हैं, दूसरों के बल पर जीने याने दूसरों की नीति को नकल करनेवाले कभी प्रगति नहीं कर सकते | वास्तविक प्रगति के लिए मनुष्य को समय के साथ निज-बल से आगे बढ़ना चाहिए | निजबल ही सर्वोपरी है,जो मनुष्य को जीवन की ऊँचाइयों तक पहुँचाता है |

(अ) दूसरों को सुख कब मिलता है ?

(आ) अंधानुकरण से क्या तात्पर्य है ?

(इ) सड़क के किनारे पड़े पत्ते कैसे होते हैं ?

(ई) मनुष्य अपने जीवन में ऊँचाइयों तक कैसे पहुँच सकता है ?

**VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12- 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1x4=4**

37. (क) स्त्री शिक्षा

* प्रस्तावना
* अर्थ
* स्त्री शिक्षा की आवश्यकता
* उपसंहार

(ख) इंटरनेट

* प्रस्तावना
* इंटरनेट का अर्थ
* इंटरनेट से लाभ
* उपसंहार

(ग) बेरोज़गारी की समस्या

* अर्थ
* बेरोज़गारी के कारण
* रोकने के उपाय
* उपसंहार

**IX निम्नलिखित ंविषय के बारे में पत्र लिखीए :** **1x5=5**

38. कोई सकारण देते हुए अपने मुख्य अध्यापक के नाम एक छुट्टी पत्र लिखिए |

**अथवा**

अपनी परीक्षा की तैयारी के बारे में बताते हुए अपनी माताजी को एक पत्र लिखिए |

*******************

ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಳಿ
6 ನೇ ಅಡ್ಡರಸ್ತೆ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು-560003

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD**
**6th Cross, Malleshwaram, Bengaluru – 560003**

**2025-26 ನೇ ಸಾಲಿನ ಎಸ್. ಎಸ್. ಎಲ್. ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ -1**
**S.S.L.C. MODEL QUESTION PAPER- 2025-26**

ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ – ಹಿಂದಿ (NCERTಪಠ್ಯಕ್ರಮ)

**Subject : Third Language- HINDI (NCERT Syllabus)**

| | |
|---|---|
| ಸಮಯ: 3 ಗಂಟೆ | ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 60H |
| ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು: 80 | Subject Code : 60H |

## परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएं :

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है, जिसमें प्रश्न पत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल है।

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :**

8X1=8

1) निम्न में से **बहुवचन रूपी** शब्द है-

A) चींटियाँ B) घोड़ा

C) लाठी D) दीवार

2. **उम्मीद** शब्द का पर्यायवाची शब्द है -

A) उल्लास B) भरोसा

C) चिंता D) करुणा

3. **भय** शब्द का विलोम रूप है -

A) निर्भय B) सुभय

C) मधुर D) सभ्य

4. **चित्रांकन** शब्द में संधि है -

A) यण B) गुण

C) दीर्घ D) विसर्ग

5. निम्न में से **प्रत्यययुक्त** शब्द है -

A) प्रयोग B) अधिकार

C) विचार D) दैनिक

6. सच बताओ तुम कौन हो?

उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त **विराम चिह्न** है -

A) अल्प विराम B) अर्ध विराम

C) प्रश्नवाचक D) पूर्ण विराम

7. **लोकप्रिय** शब्द में समास है -

A) द्विगु B) द्वंद्व

C) तत्पुरुष D) कर्मधारय

8. मैं ने एक घरवाले --------- बेघर कर दिय।

उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उचित **कारक चिह्न** है -

A) को B) ने

C) में D) से

**II. सही वाक्यांश को जोड़कर लिखिए।** **4X1=4**

| अ | ब |
|---|---|
| 9. 1857 की तोप | a) तीसरी कसम के नायक |
| 10. मनुष्यता | b) बंगाल विद्यार्थी संघ के मंत्री |
| 11. अविनाश बाबू | c) राजनेता |
| 12. हीरामन | d) श्रीराम |
| | e) दानवीर |
| | f) मैथिली शरण गुप्त |
| | g) कंपनी बाग |

**III. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए।** **4X1=4**

13. सुभाष बाबू के जुलूस का भार किस पर था?

14. 'तीसरी कसम' फ़िल्म का निर्माण किसने किया?

15. 'ततांरा-वामीरो कथा' कहाँ की लोककथा है?

16. जापान में चाय पीने की विधि को क्या कहते हैं?

**IV. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए।** **8X2=16**

17. मीराबाई श्रीकृष्ण को पाने के लिए क्या-क्या कार्य करने को तैयार है?

18. विरासत में मिली चीज़ों की बडी संभाल क्यों होती है?

19. आत्मत्राण कविता के अंत में कवि क्या अनुनय करता है?

20. 'तीसरी कसम' फ़िल्म को खरीददार क्यों नहीं मिल रहे थे?

21. वज़ीर अली ने कंपनी के वकील का कत्ल क्यों किया?

22. शुद्ध सोना और गिन्नी का सोना इन दोनों में क्या अंतर है?

23. हरिहर काका को अपने भाई तथा महंत दोनों एक ही श्रेणी में क्यों लगाने लगे?

**अथवा**

लेखक और हरिहर काका के बीच के संबंध के बारे में बताइए

24. अगली श्रेणी पहुंचने के बाद लेखक का बालमन क्यों कांप उठता था?

**अथवा**

इफ़्फ़न की दादी ने अपने बेटे की शादी में गाना बजाने की इच्छा पूरी क्यों नहीं कर पाई?

**V. क) निम्नलिखित के आशय/भाव स्पष्ट कीजिए।** **9X3=27**

25. खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले नहीं की गई थी।

26. जो जितना बड़ा होता है उसे उतना ही कम गुस्सा आता है।

27. यों जलद यान में विचर-विचर
 था इंद्र खेलता इंद्रजाल।

**ख) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए।**

28. मीरा ने हरी से अपनी पीड़ा हरने की विनती कविता में किस प्रकार की है? विवरण कीजिए।

29. 'कर चले हम फ़िदा' कविता में धरती को दुल्हन क्यों कहा गया है? वर्णन कीजिए।

30. ततांरा से देखी गई समुद्र तट का वर्णन कीजिए।

31. वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था, कैसे? स्पष्ट कीजिए।

32. **निम्न्लिखित कवितांश का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

 रहो न भूल के कभी मदांध तुच्छ वित्त में
 सनाथ जान आपको करो न गर्व वित्त में
 अनाथ कौन है यहाँ? त्रिलोक्नाथ साथ है,
 दयालू दीन बंधु के बड़े विशाल हाथ हैं।

33. **गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :**

कबीर का जन्म 1398 को कशी में हुआ। वे गुरु रमानंद के शिष्य थे। इनकी भाषा पूर्वी जनपद की भाषा थी।

**VI. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच या छ: वाक्यों में लिखिए। 2X4=8**

34. बड़े भई साहब के विशेष गुणों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

छोटे भाई का व्यक्तित्व बड़े भाई के व्यक्तित्व से बिलकुल अलग था, कैसे? स्पष्ट कीजिए।

**35. निम्न लिखित कवितांश पूर्ण कीजिए:**

ऐसी बांणी ------------, ----------------------

-----------------------, ---------------- होई॥

**36. निम्न्लिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए-गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 1X4=4**

भारतीय संस्कृति में तुलसी पादप का स्थान अद्वितीय है क्यों कि इसे लक्ष्मी का पादपावतार एवं विष्णु प्रिया भी कहा गया है। इसलिए वह प्रत्येक भारतीय परिवार के घर आंगन की शोभा बढाती है। तुलसी के रोगहारी शक्ति से प्रभावित संत गण इसको पूजन-अर्चन में अनिवार्यता प्रदान की है। तुलसी अपने लोकमंगल स्वभाव से ही भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है। इस पादप को वृन्दा एवं लक्ष्मी का वृक्षावतार कहा गया है।

**प्रश्न :**

अ) भारतीय संस्कृति में तुलसी का स्थान अद्वितीय क्यों है?

आ) संत महात्माओं ने तुलसी को पूजन-अर्चन में अनिवार्यता क्यों प्रदान की?

इ) विष्णु को तुलसी क्यों अत्यंत प्रिय है?

ई) तुलसी को किसका वृक्षावतार कहा गया है?

**VIII. 37) दिए-गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध रचिए।** **1X4=4**

**क) पर्यावरण प्रदूषण**

* प्रस्तावना
* प्रदूषण के कारण
* परिहारोपाय
* उपसंहार

**ख) गण्तंत्र दिवस**

* प्रस्तावना
* गण्तंत्र दिवस का महत्व
* आचरण
* उपसंहार

**ग) इंटरनेट**

* प्रस्तावना
* लाभ
* हानि
* उपसंहार

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे पत्र लिखिए।** **1X5=5**

उचित कारण देते हुए चार दिनों की छुट्ठी के लिए अपने प्रधान अध्यापक को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

शाला शैक्षिक यात्रा में भाग लेने के लिए पिताजी से 2000/- रुपए और अनुमति माँगते हुए एक पत्र लिखिए।

*****

# Karnataka State Board

# SSLC Examination

# **Model Answers 2026**

ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ

ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು - 560003

KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD

Malleshwaram, Bengaluru – 560003

# ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು 2025-26

# S.S.L.C. MODEL ANSWERS 2025-26

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ – ಹಿಂದಿ

## Subject : Third Language Hindi

# ಮಾದರಿ ಉತ್ತರ ಪತ್ರಿಕೆ – 1

# Model Key Answer Paper – 1

| | |
|---|---|
| ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61H | Subject Code : 61H |
| ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ | Time : 3 Hours |
| ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 | Max. Marks : 80 |

**I. निम्नलिखित प्रश्नों केलिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सार्वाधिक उचित विकल्प संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 x 1 = 8**

1. 'घटना' शब्द का विलोम रूप है -
   (A) बढ़ना (B) उन्नति (C) प्रगति (D) विस्तार ।
   उत्तर : (A) बढ़ना

2. निम्नलिखितमेंसेपुल्लिंगशब्दहै -
   (A) महिला (B)स्त्री (C) पुरुष (D)नारी ।
   उत्तर : (C) पुरुष

3. 'पट्टी ' शब्द का अन्यवचन रूप है -
   (A) पट्टा (B) पट्टी (C) पट्टियों (D) पट्टियाँ ।
   उत्तर : (D) पट्टियाँ

4. 'बैठना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है -
   (A) बैठ (B) बैठक (C) बिठाना (D) बैठो ।
   उत्तर : (C) बिठाना

5. 'अत्यंत' शब्द इस संधि के लिए उदाहरण है -
   (A) यणसंधि (B) गुणसंधि (C) अयादिसंधि (D) वृध्दिसंधि ।
   उत्तर : (A) यणसंधि

6. निम्नलिखित में द्वंद्व समास के लिए उदाहरण है -
   (A) जलप्रपात (B) राजवंश (C) राजमहल (D) माता-पिता ।
   उत्तर : (D) माता-पिता

7. थोड़ी देर बाद सुबह हो जाएगी ।
   वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है -
   (A) अल्पविराम (B) प्रश्नवाचक (C) पूर्णविराम (D) विस्मयादिबोधक ।
   उत्तर : (C) पूर्णविराम

8. आप साधारण रोबोट _________ काम चला सकते हैं ।
   वाक्य के लिए सही कारक है -
   (A) को (B) से (C) की (D) के ।
   उत्तर : (B) से

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 x 1 = 4**

9. कश्मीरी सेब बेचनेवाला : बेईमान : : रेवडियाँ बेचनेवाला : ___________
ईमानदार

10. स्थानीय ठेकेदार : जलालुद्दीन : : उग्र राष्ट्रवादी : _________________
एस.टी.आर.मानिकम

11. हाथी : जंगली जानवर : : भैंस : _________________
पालतू जानवर

12. तुलसीदास :रामभक्तिशाखा : : सूरदास : ________________
कृष्णभक्तिशाखा

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4 x 1 = 4**

13. कर्नाटक की राजधानी कौन-सी है ?
उत्तर : कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू हैं ।

14. सिंगफो आदिवासी कहाँ रहते थे ?
उत्तर : सिंगफो आदिवासी पूर्वोत्तर भारत में रहते थे ।

15. हंस का गुण कैसा होता है ?
उत्तर : दूध पी कर पानी को त्याग देता है ।

16. आधुनिक मानव का यान कहाँ जा रहा है ?
उत्तर : आधुनिक मानव का यान गगन में जा रहा है ।

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 8 x 2 = 16**

17. दूकानदार ने लेखक से क्या कहा ?
उत्तर : "बाबूजी बड़े मजेदार से आए हैं । खास कश्मीर से । आप ले जाएँ, खाकर तबियत खुश हो जाएगी ।"

18. जैनुलाबदीन ने नमाज़ के बारे में क्या कहा ?
उत्तर : जब तुम नमाज पढ़ते हो, तो तुम अपने शरीर से इतर ब्रहमांड का हिस्सा बन जाते हो । जिसमें आयु धन दौलत जाती धर्म पंथ का कोई भेदभाव नहीं होता।

19. लेखक परसाई जी ने मंत्री जी को क्या समझाया ?

उत्तर : ईमानदारों के सम्मेलन में पुलिस ईमानदारों की तलाशी करें तो यह बड़ी अशोभनीय बात होगी । इतने बड़े सम्मेलन में थोड़ी गड़बड़ी होगी ही ।

20. बालशक्ति की टोली गाँव का उद्धार कैसे करती है ?

उत्तर : गाँव के चारों तरफ पेड़ पौधे लगाते हैं । गाँव के गड्ढों को मिट्टी से ढांपते हैं । गाँव का कचरा एक निश्चित जगह में डालते हैं । इस प्रकार गाँव को एक नया जीवन प्रदान करते हैं ।

21. बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है ?

उत्तर : माता यशोदा ने कृष्ण को जन्म नहीं दिया है । उसे मोल लिया गया है । नंद और यशोदा तो गोरे हैं पर उसका शरीर क्यों काला है ।

22. कविता में मानव के सही परिचय को कैसे दर्शाया गया है ?

उत्तर : प्रकृति पर विजय प्राप्त करना मनुष्य की साधना है । मानव-मानव के बीच स्नेह का बांध बांधना मानव की सिद्धि है । जो मानव दूसरे मानव से प्रेम का रिश्ता जोड़कर आपस की दूरी मिटाए वही मानव कहलाने का अधिकारी होगा ।

23. सौरमंडल में शनि ग्रह का स्थान क्या है ?

उत्तर : शनि सौरमंडल का दूसरा बड़ा ग्रह है । बृहस्पति के बाद शनि ग्रह की कक्षा है ।

**अथवा**

शनि का निर्माण किस प्रकार हुआ है ?

उत्तर : शनि ग्रह का निर्माण हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन और अमोनिया गैसों से बना है ।

24. शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है ?

उत्तर : सच बोलो जो दूसरों को प्रिय लगे । अप्रिय सत्य मत बोलो ।

**अथवा**

मीना मैडम ने अंत में बच्चों को क्या संदेश दिया ?

उत्तर : आज के बच्चे कल के नागरिक है । बच्चों, आज से ही नहीं, नहीं, अभी से नागरिक के कर्तव्यों का पालन करना शुरू करो । इससे आपका हित होगा और देश का भी ।

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 9 x 3 = 27**

25. गिल्लू और लेखिका के बीच के स्नेह भाव का वर्णन कीजिए ।

उत्तर : महादेवी वर्मा को पशु पक्षियों से प्रेम था । इसलिए उन्होंने गिलहरी को कौओं से बचाया, उसके लिए झूला तैयार किया उसे बड़े प्यार से थाली के पास बिठाकर खाना सिखाया। मरते समय उसे बचाने की पूरी कोशिश की । सोनजुही की लता के नीचे उसकी समाधि बनायी ।

26. कर्नाटक की शिल्पकला अनोखी है । स्पष्ट कीजिए ।

उत्तर : कर्नाटक की शिल्पकला अनोखी है. बादामी , ऐहोले, पट्टदकल्लू के मंदिर बहुत सुंदर है । बेलूर, हलेबीडू ,सोमनाथपुर के मंदिरों की मूर्तियाँ संजीव लगती है। श्रवणबेलगोल के गोमटेश्वर की 57 फीट ऊंची मूर्ति दुनिया को त्याग और शांति का संदेश देती है ।

27. सोशल नेटवर्किंग साइटों के कारण समाज पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ? समझाइए ।

उत्तर : सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है । जिसने दुनिया भर के लोगों को एक जगह ला खड़ा किया है । इसके कई साइट्स है, फेसबुक ,ट्विटर ,लिंक्डइन आदि इन साईटों के कारण देश-विदेश के लोगों के रहन-सहन, खान-पान , वेश-भूषा कला संस्कृतिआदि का प्रभाव शीघ्रातिशीघ्र हमारे समाज पर पड़ रहा है ।

28. धीरज सक्सेना ने घर में रोबोट रखने का निर्णय क्यों लिया ?

उत्तर : धीरज सक्सेना के परिवार में साधोराम नाम का एक नौकर था । एक दिन वह चलती बस से गिर गया । उसे खतरनाक चोट आई ।उसे अस्पताल में भरती करना पड़ा । सक्सेना का परिवार बड़ा था । उसे अपने परिवार वालों का यह कष्ट न देखा गया । इसलिए धीरज सक्सेना ने घर में रोबोट रखने का निर्णय किया ।

29. महिला की साहस गाथा पाठ से हमें क्या सीख मिलती है ? स्पष्ट कीजिए ।

उत्तर : महिला की साहस गाथा पाठ से यह सीख मिलती है कि महिलाएँ साहस प्रदर्शन में पुरुषों से कम नहीं है । इस पाठ से छात्र साहस , धैर्य, अथक परिश्रम, मुसीबतों का सामना करना , दृढ़ निश्चय आदि आदर्श गुण सीखते हैं । साथ ही हिमालय के ऊंची चोटियों की जानकारी भी प्राप्त करते हैं ।

30. कवि मातृभूमि कविता में प्राकृतिक समृद्धि का वर्णन कैसे करते हैं ?

उत्तर : मातृभूमि का प्रकृति सौंदर्य अत्यंत सुंदर है । मातृभूमि के खेत हरे-भरे हैं। मातृभूमि के वन उप-वन फल फूलों से भरे हैं । मातृभूमि के अंदर अपार खनिज संपदा है ।

31. 'समय अनमोल है' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

उत्तर : समय अत्यंत अनमोल है । समय का महत्व धन से भी अधिक है । बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता । संसार की कोई भी संपत्ति इसकी बराबरी नहीं कर सकती ।

32. **निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

दया धर्म मूल है, पाप मूल अभिमान ।
तुलसी दया न छाँड़िए,जब लग घट में प्राण ।।

उत्तर : तुलसीदास जी कहते हैं दया धर्म का मूल है और पाप का मूल अभिमान है जब तक हमारे शरीर में प्राण है तब तक हमें दयालु बने रहना चाहिए ।

**33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रजी में कीजिए :**

सत्य की महिमा अपार है । सत्य अत्यंत शक्तिशाली है । अतः हमें सत्य बोलने का अभ्यास करना चाहिए ।

उत्तर : ಸತ್ಯದ ಮಹಿಮೆ ಅಪಾರವಾಗಿದೆ. ಸತ್ಯವು ಅತ್ಯಂತ ಶಕ್ತಿಶಾಲಿಯಾಗಿದೆ. ಆದ್ದರಿಂದ ನಾವು ಸತ್ಯವನ್ನು ಹೇಳುವ ಅಭ್ಯಾಸವನ್ನು ಮಾಡಬೇಕು.

The glory of truth is immense. Truth is very powerful. Therefore, we must make it a habit to speak the truth.

## VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : 2 x 4 = 8

34. बसंत की ईमानदारी और स्वाभिमान गुण का परिचय दीजिए ।

उत्तर : बसंत एक ईमानदार बालक था । वह छलनी ,बटन, दियासलाई आदि बेचकर अपना जीवन चलाता था । वह स्वाभिमानी बालक था । किसी से दया की भीख नहीं लेता था । मोटर दुर्घटना में घायल होने के बावजूद उसने राजकिशोर के पैसे अपने भाई के हाथ में देकर वापस लौटाया । इस प्रकार बसंत एक ईमानदार और स्वाभिमानी बालक था ।

**अथवा**

पं. राजकिशोर परोपकार गुण के व्यक्ति थे । स्पष्ट कीजिए ।

उत्तर : पंडित राज किशोर मजदूरों के नेता थे । वे मजदूरों की बस्तियों में जाकर उनकी देखभाल करते थे । बाजार में मिले बसंत से प्रभावित हुए । उसे मदद करने की इच्छा से एक छलनी खरीद ली । घायल बसंत की इलाज की पूरी जिम्मेदारी ली। बसंत को अस्पताल पहुंचाने का प्रबंध भी किया । इस प्रकार पंडित राजकिशोर एक परोपकारी व्यक्ति थे ।

**35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए ।**

असफलता__________________________________________

__________________________________________________

__________________________________________________

__________________________________________भागो तुम ।

उत्तर : असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।
जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,
संघर्ष का मैदान छोड़कर, मत भागो तुम ।

**VII. गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 x 4 = 4**

36. प्रायः अधिकांश लोग दूसरों के जीवन का अनुसरण करते हैं । इसी में उनको सुख मिलता है । अपनी ताकतों को न पहचानकर दूसरों के पीछे निरुध्देश्य चलना केवल अंधानुसरण है । सड़क के किनारे पडे सूखे पत्ते कमज़ोर और निर्जीव होने पर भी स्वयं को सबके समान गतिशील समझते हैं, दूसरों के बल पर जीने याने दूसरों की नीति को नकल करनेवाले कभी प्रगति नहीं कर सकते। वास्तविक प्रगति के लिए मनुष्य को समय के साथ निज-बल से आगे बढ़ना चाहिए । निजबल ही सर्वोपरी है,जो मनुष्य को जीवन की ऊँचाइयों तक पहुँचाता है ।

(अ) दूसरों को सुख कब मिलता है ?

उत्तर : दूसरों के जीवन का अनुसरण करने से सुख मिलता है ।

(आ) अंधानुकरण से क्या तात्पर्य है ?

उत्तर : अपनी ताकत को न पहचान कर दूसरों के पीछे निरुद्देश्य चलना अंधानुकरण है।

(इ) सड़क के किनारे पडे पत्ते कैसे होते हैं ?

उत्तर : पत्ते कमजोर और निर्जीव थे ।

(ई) मनुष्य अपने जीवन में ऊँचाइयों तक कैसे पहुँच सकता है ?

उत्तर : निज बल से

**VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12- 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : 1 x 4 = 4**

37. **अ) स्त्री शिक्षा**

- **प्रस्तावना :** शिक्षा हम सभी के जीवन के लिए बहुत जरूरी है। कहा जाता है कि अगर आप एक लड़के को पढ़ाते हैं, तो एक व्यक्ति को पढ़ाते हैं, लेकिन अगर आप एक लड़की को पढ़ाते हैं , तो आप पूरे परिवार को पढ़ाते हैं । पुराने समय में लड़कियों को स्कूल नहीं भेजा जाता था , लेकिन आज के समय में लड़कियों का पढ़ना बहुत जरूरी हो गया है ।

- **अर्थ :** एक पढ़ी-लिखी महिला अपने परिवार की सेहत का अच्छे से ध्यान रख सकती है । उसे पता होता है कि घर में साफ-सफाई कैसे रखनी है और बच्चों को पौष्टिक खानाकैसे देना है । एक शिक्षित माँ अपने बच्चों को अच्छी आदतें सिखाती है और उनकी पढ़ाई में भी मदद करती है । इससे पूरा परिवार स्वस्थ और खुशहाल रहता है ।

- **स्त्री शिक्षा की आवश्यकता :** शिक्षा महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा होना सिखाती है । अगर लड़कियां पढ़-लिख जाती हैं , तो वे अच्छी नौकरी कर सकती हैं और पैसे कमा सकती हैं । इससे वे अपने घर का खर्च चलाने में मदद कर सकती हैं । जब महिलाएं पैसे कमाती हैं, तो उन्हें अपनी जरूरतों के लिए किसी और पर निर्भर नहीं रहना पड़ता ।

- **उपसंहार :** अगर हम चाहते हैं कि हमारा देश भारत तरक्की करे , तो हमें लड़कियों को भी लड़कों के बराबर शिक्षा देनी होगी । एक शिक्षित लड़की ही आगे चलकर एक अच्छा समाज बना सकती है । हमें 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के नारे को सच करना होगा और हर लड़की को स्कूल भेजना होगा।

## आ) इंटरनेट

- **प्रस्तावना :**

  आज कल हम हर जगह एक नया शब्द सुनते हैं, वह है इंटरनेट । इंटरनेट एक बहुत बड़ा जाल है जो दुनिया भर के करोड़ों कंप्यूटरों और मोबाइल फोन को आपस में जोड़ता है । यह एक जादू की तरह है ! आप घर बैठे-बैठे दुनिया की कोई भी जानकारी एक सेकंड में पा सकते हैं । इंटरनेट ने हमारी दुनिया को एक छोटा गाँव बना दिया है ।

- **लाभ** :
    - ∗ पढ़ाई में मदद : अगर आपको कोई सवाल समझ नहीं आ रहा , तो आप इंटरनेट पर उसका जवाब ढूँढ सकते हैं । आप वीडियो देखकर भी बहुत कुछ सीख सकते हैं ।
    - ∗ खबरें और जानकारी : इंटरनेट से हमें देश-दुनिया की नई खबरें तुरंत मिल जाती हैं । हमें मौसम, खेल, या किसी भी विषय की जानकारी आसानी से मिल जाती है ।
    - ∗ मनोरंजन : आप इंटरनेट पर अपने पसंद के गाने सुन सकते हैं , फ़िल्में देख सकते हैं और गेम खेल सकते हैं ।
    - ∗ बातचीत : इंटरनेट से हम अपने दोस्तों और परिवार के लोगों से, भले ही वे बहुत दूर हों, वीडियो कॉल या मैसेज (संदेश) से तुरंत बात कर सकते हैं ।
    - ∗ खरीददारी : अब हम घर बैठे-बैठे कपड़े, किताबें, और ज़रूरत की चीज़ें भी खरीद सकते हैं ।

- **उपयोग :**
    - ∗ ज्ञान प्राप्त करना : स्कूल प्रोजेक्ट्स (परियोजनाओं) के लिए नई-नई चीजें सीखना ।
    - ∗ संदेश भेजना : ई मेल या चैट ऐप से अपने दोस्तों को मैसेज भेजना ।
    - ∗ ऑनलाइन क्लास : शिक्षक से वीडियो मीटिंग के ज़रिए पढ़ना ।
    - ∗ टिकट बुक करना : ट्रेन या बस के टिकट घर बैठे बुक करना ।
    - ∗ पैसे भेजना : बैंक के काम और पैसे का लेन देन करना ।

- **उपसंहार :**

इंटरनेट एक शक्तिशाली उपकरण है । यह हमारे जीवन को सरल और तेज़ बनाता है । हमें इसका इस्तेमाल हमेशा अच्छे और ज़रूरी कामों के लिए करना चाहिए । जिस तरह अच्छी चीज़ों के लिए नियम होते हैं , वैसे ही इंटरनेट इस्तेमाल करने के भी कुछ सुरक्षा नियम होते हैं , जिनका पालन हमें हमेशा करना चाहिए । इंटरनेट से हमें बहुत कुछ सीखने और जानने को मिलता है, इसलिए यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है ।

## इ) बेरोजगारी की समस्या

- **प्रस्तावना :** बेरोजगारी का मतलब है जब किसी काम करने वाले व्यक्ति को काम नहीं मिल पाता है। हमारे यहाँ युवा लोग बहुत हैं । जब लोगों को काम नहीं मिलता, तो वे गरीब रह जाते हैं और उन्हें बहुत निराशा होती है। यह समस्या हमारे देश की तरक्की में भी रुकावट डालती है ।
- **बेरोजगारी का अर्थ :** बेरोजगारी उस हाल को कहते हैं जब कोई आदमी या औरत काम करना चाहता है, काम करने लायक है, लेकिन उसे कोई नौकरी या काम नहीं मिलता ।
- **बेरोजगारी के मुख्य कारण :** हमारे देश की जनसंख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है । हर साल बहुत सारे नए लोग बड़े हो जाते हैं और काम ढूँढ़ने लगते हैं , लेकिन उनके लिए उतनी नई नौकरियाँ पैदा नहीं हो पातीं । हमारी पढ़ाई ऐसी है कि हमें सिर्फ किताबी ज्ञान मिलता है , काम करने का असली हुनर नहीं सिखाया जाता । इसलिए कॉलेज की डिग्री होने पर भी बच्चों को नौकरी नहीं मिलती । आजकल बड़ी-बड़ी मशीनें और कंप्यूटर आ गए हैं । ये मशीनें वह काम भी कर लेती हैं, जो पहले 10 आदमी मिलकर करते थे। आज भी बहुत सारे लोग खेती करते हैं, लेकिन खेती पूरे साल काम नहीं दे पाती ।
- **बेरोजगारी को रोकने के उपाय :** सरकार को स्कूलों और कॉलेजों में ऐसी चीजें सिखानी चाहिए, जिनसे बच्चों को असली काम करने का हुनर मिले । सरकार को देश के हर हिस्से में बड़े कारखाने और नए-नए उद्योग लगाने के लिए और पैसे खर्च करने चाहिए , ताकि खूब सारी नई नौकरियाँ बनें। खेती के साथ-साथ गाँवों में फल-सब्जी पैक करने के छोटे कारखाने या दूध से बने सामान बनाने के काम शुरू होने चाहिए , ताकि लोगों को पूरे साल काम मिल सके ।

**उपसंहार :** बेरोजगारी की समस्या को खत्म करना बहुत जरूरी है । अगर हमारे देश का हर जवान और काबिल व्यक्ति काम करेगा , तो हमारा देश बहुत तेजी से आगे बढ़ेगा । हम सबको मिलकर, पढ़ाई पर ध्यान देकर और नए हुनर सीखकर , इस समस्या को हराना होगा , तभी हमारा भारत एक मजबूत और खुशहाल राष्ट्र बन पाएगा ।

**IX. निम्नलिखित व़िषय के बारे में पत्र लिखीए : 1 x 5 = 5**

**38. कोई सकारण देते हुए अपने मुख्य अध्यापक के नाम एक छुट्टी पत्र लिखिए ।**

प्रेषक, दिनांक : 25-09-2025

अ. ब. क.
10 वीं कक्षा,
आदर्श विद्यालय,
मैसूरू ।

सेवा में,
प्रधान अध्यापक जी ,
आदर्श विद्यालय,
मैसूरू ।

आदरणीय महोदय,

विषय :- दो दिन की छुट्टी माँगते हुए ।

उपर्युक्त विषय के अनुसार आपसे सविनय निवेदन है कि मैं बीमार हूँ । हम इलाज करवाने के लिए बेंगलूरू जा रहे हैं । मैं दो दिन स्कूल नहीं आ सकता। इसलिए आप मुझे दिनांक : 26-09-2025 से 27-09-2025 तक तीन दिन की छुट्टी देने की कृपा करें ।

धन्यवाद सहित ।

स्थान : मैसूरू आपका आज्ञाकारी छात्र,
अ ब. क.

अभिभावक के हस्ताक्षर,

**<u>अथवा</u>**

**अपनी परीक्षा की तैयारी के बारे में बताते हुए अपनी माताजी को एक पत्र लिखिए ।**

से,

अ. ब. क

10 वीं कक्षा,

आदर्श विद्यालय,

मैसूरू

दिनांक : 25-09-2025

पूज्य माताजी,

सादर चरण स्पर्श ।

मैं यहाँ ठीक हूँ और आशा करता हूँ कि आप भी कुशल होंगी। मुझे आपका पत्र मिला और यह जानकर बहुत खुशी हुई कि घर में सब ठीक है। मैं आपको अपनी पढ़ाई के बारे में बताना चाहता हूँ। मेरी पढ़ाई यहाँ बहुत अच्छी चल रही है । मैंने इस माह के सभी महत्वपूर्ण विषयों को गंभीरता से लेना शुरू कर दिया है । सुबह और शाम मैं अपनी समय सारणी के अनुसार नियमित रूप से अध्ययन करता हूँ ।

मेरा लक्ष्य इस बार अधिक अंक लाना है, और मैं इसके लिए पूरी लगन से मेहनत कर रहा हूँ । आप बिल्कुल चिंता न करें, मैं अपने खाने-पीने और स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखता हूँ ।

पिता को प्रणाम और छोटे को आशीर्वाद ।

तुम्हारा प्रिय पुत्र ,

अ. ब. क.

सेवा में,

लता के. पी.

यश निलय ,

राज नगर,

मैसूरू ।

------